# पालिकाध्यक्ष ब्रिज पर चढ़े, जांच की मांग पर बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ /उत्तरकाशी।** चिन्यालीसौड़ में झमाझम बारिश के बीच बुधवार को उस वक्त हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब नगर पालिका अध्यक्ष और सभासदों के बीच चल रहा विवाद अचानक सड़क से उठकर पुल और छत तक पहुंच गया।

हालात इतने तनावपूर्ण हो गए कि प्रशासन को भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचना पड़ा।पालिका अध्यक्ष डीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अडे रहे। चिन्यालीसौड़ नगर पालिका में मनचाहे और मनमाने अफसर के विवाद पर जहां अध्यक्ष मनोज को. हली टिहरी झील पर बने आर्च ब्रिज पर चढ़ गए, वहीं पार्षद ने ईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कॉलेज की छत पर चढ़ गए। पालिका क्षेत्र में इस हाई वोल्टेज ड्रामे से दिनभर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिली। दरअसल, नगरपा. लिका अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने चार दिनों तक धरना प्रदर्शन कर अनियमितताएं की जांच कर ईओ



■ चिन्यालीसौड़ में सियासी संग्राम, बारिश के बीच सात घंटे तक चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

के स्थानांतरण की मांग की। इसके बाद डीएम ने मंगलवार को मामले में जांच के आदेश थे। एसडीएम डुंडा सहित तीन सदस्य टीम गठित कर वित्तीय अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शहरी निदेशालय में अटेच कर दिया गया था। जिलाधिकारी की ओर से दिए गए आदेश के बाद पालिका अध्यक्ष आज पुल पर चढ़ गए।

उधर जवाबी विरोध में सभासद सिद्धार्थ नौटियाल महाविद्यालय की छत पर जा चढ़े। बारिश के बीच यह नजारा देखने के लिए स्थानीय लोग छतरियां लेकर मौके पर पहुंच गए। महिलाएं और पुरुष इस पूरे घटनाक्रम से खासे परेशान नजर आए। करीब 6-7 घंटों तक मूसलाधार बारिश में पालिका अध्यक्ष पुल से नीचे नहीं उतरे थे, जिससे स्थिति और भी गंभीर बनी रही । बाद में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य से दूर भाष पर वार्ता के बाद पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली आर्च ब्रिज से निचे उतरें और प्रशासन ने राहत की सांस ली। दरअसल नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली बुधवार सुबह चिन्यालीसौड़ टिहरी झील पर स्थित आर्च ब्रिज पर आत्मदाह के लिए चढ़ गये जिससे जिला प्रशासन में हड़कंप मच गई।

### पालिकाध्यक्ष ने आरोप को बताया निराधार व बेबुनियाद

वहीं पालिकाध्यक्ष मनोज कोहली ने सभासदों के धरने प्रदर्शन को पूरी तरह "राजनीतिक साजिश" करार देते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार और कार्यों में अनदेखी के आरोप निराधार और बेबुनियाद हैं। उन्होंने दावा किया कि चार दिनों तक चला धरना सुनियोजित था, जिसका मकसद उनकी छवि को नुकसान पहुंचाना था। उन्होंने प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा के दौरे के दौरान पोस्टर-बैनर को लेकर उठे विवाद को भी अनावश्यक बताया। कोहली के अनुसार सभी पोस्टर निर्धारित स्थानों पर ही लगाए गए थे और इसे मुद्दा बनाकर विवाद खड़ा किया गया। चार दिन तक चले इस धरने ने राजनीतिक रंग ले लिया। मामला शांत कराने के लिए प्रभारी मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में दर्जाधारी राज्यमंत्री रामसुंदर नौटियाल को मैदान में उतरना पड़ा था। उनकी मौजूदगी में धरना तो समाप्त हुआ, लेकिन विवाद थमा नहीं। मूसलाधार बारिश, राजनीति और ड्रामे के इस अनोखे संगम ने चिन्यालीसौड़ को सुर्खियों में ला दिया है। कुल मिलाकर, चिन्यालीसौड़ में राजनीतिक टकराव ने हाई वोल्टेज ड्रामे का रूप ले लिया है। प्रशासन सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। आगे की घटनाओं का इंतजार किया जा रहा है।

## छात्रों को दिए कैरियर काउंसलिंग के टिप्स

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह में करियर काउंस. लिंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर छात्रों को कैरियर सम्बंधित टिप्स दिए गे। इस मौके पर रोटरी क्लब के सीताराम बहुगुणा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सही समय पर सही करियर का चयन करना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। बताया कि सफलता के लिए केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा, तकनीकी, चिकित्सा, खेल एवं स्वरोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह नथवान, डॉ. मारिशा पंवार, भगवती प्रसाद गौड़, महेश गिरि, कुंजबिहारी सकलानी, लक्ष्मी सेन, संतोषी रौथाण, कुसुमलता थपलियाल, मंजू असवाल, जसपाल सिंह बिष्ट, महेंद्र धस्माना, पूनम नेगी सहित आदि मौजूद थे।

# सीएचसी बागी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं देने के उद्देश्य से विधायक विनोद कंडारी ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। उन्होंने चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ने वाले दबाव और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। विधायक कंडारी ने बताया कि ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागी, देवप्रयाग और ऋषिकेश के बीच एकमात्र प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। यात्रा सीजन में यहां मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि होती है, ऐसे में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड मशीन और तकनीशियनों की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। मांग पत्र में सीएचसी कीर्तिनगर में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने एवं तकनीशियन की नियुक्ति, सीएचसी हिंडोलाखाल में तकनीशियन की तैनाती, तथा बागी देवप्रयाग स्थित सीएचसी को संयुक्त चिकित्सालय में उच्चीकृत करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, सीएचसी हिंडोलाखाल और कीर्तिनगर को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा देने की भी मांग रखी गई ताकि क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो सकें। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के निर्देश पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार



■ स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मिले विधायक कंडारी

कल्याण विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग द्वारा उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर गढ़वाल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रचित गर्ग को प्रत्येक माह दो-दो दिन के लिए सीएचसी देवप्रयाग और हिंडोलाखाल में अल्ट्रासाउंड सेवाएं देने हेतु तैनात किया गया है। विधायक कंडारी ने उम्मीद जताई कि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों और चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## सरकार के संचालित योजना का लाभ उठाने का आह्वान

**श्रीनगर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उफल्डा और प्राथमिक विद्यालय उफल्डा में प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में 9 बच्चों ने प्रवेश लिया। इस दौरान डायट प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने बच्चों का माल्यार्पण कर का स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निशुल्क पुस्तक पाठ्य पुस्तक भी वितरित की गई। इस अवसर पर डायट प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने अभिभावकों और बच्चों से सरकार के ओर से संचालित योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर हाईस्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक जय शंकर कनियाल, अभिभावक संघ की अध्यक्षा सरस्वती देवी, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम डोभाल, श्रेया सहित आदि मौजूद थे।

# उत्तरकाशी में बारिश और बर्फबारी से बढ़ी चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में इस बार अप्रैल का महीना सामान्य से बिल्कुल अलग नजर आ रहा है। जहां आमतौर पर इस समय ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ पिघलने लगती है और चारधाम यात्रा की तैयारियां रफ्तार पकड़ती हैं, वहीं इस बार मौसम ने उलट तस्वीर पेश की है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों जैसे गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम में ताजा बर्फबारी का दौर जारी है, जिससे पूरा इलाका सफेद चादर में ढक गया है। वहीं निचले इलाकों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

लगातार खराब मौसम का असर सीधे तौर पर चारधाम यात्रा की तैयारियों पर पड़ रहा है। यात्रा मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्य, गंगोत्री -यमुनोत्ती राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत और अन्य विकास कार्य बारिश के चलते धीमे पड़ गए हैं।



■ बारिश बर्फबारी से चारधाम यात्रा की तैयारियों पर ब्रेक, निर्माण कार्य प्रभावित

वहीं मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखवा जाने वाली सड़क पर भूस्खलन हो रहा है इसके अलावा गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे पर कई स्थानों पर भूस्खलन शुरू हो गया है वहीं निर्माण कार्यों में रुकावट देखने को मिल रही है, जिससे व्यवस्थाओं पर असर पड़ा है।

बुधवार को ऋषिकेश ख्रगंगोत्री हाईवे पर बगड़धार के पास सड़क अवरुद्ध हो गई है। पहाड़ी से आपदा का गिरे मलबे के चलते रास्ता पूरी तरह खतरनाक हो रखा है। मलबे में एक टैक्सी फंसी होने की सूचना है।

हालांकि प्रशासन और संबंधित एजेंसियां हालात पर नजर बनाए हुए हैं और मौसम सामान्य होते ही कार्यों को तेजी से पूरा करने का दावा कर रही हैं।

### पहाड़ों में कुदरत का कहर मैदानों में भी ऑरेंज अलर्ट ने बढ़ाई चिंता

उत्तराखंड में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर पूरी तरह से बरकरार है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक राज्य के ऊंचाई वाले हिस्सों पर आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। खासकर, पिथौरागढ़, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, चमोली में बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को मौसम खराब रहेगा। इस दौरान मेघ गर्जन के साथ मौसमी गतिविधियां जारी रहेंगी। इस दौरान कई पर्वतीय स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है।

उत्तरकाशी जिले में मंगलवार देर रात से झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हर्षिल वैली, यमुनोत्री और खरशाली जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है, जबकि निचले इलाकों में ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग देहरादून के अनुसार 8 अप्रैल को देहरादून, टिहरी और पौड़ी समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाएं (40ख्र60 किमी/घंटा), आकाशीय बिजली और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। जिला आपदा प्रबंधन ने सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रखा है। ट्रैकिंग और पर्यटन गति. विधियों पर नियंत्रण, सुरक्षित आवागमन, सड़क मार्गों की त्वरित बहाली और आपदा की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाने और स्कूलों में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# मानदेय बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना

■ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** कीर्तिनगर ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं मिनी कर्मचारियों ने मानदेय बढाये जाने की मांग को लेकर बुधवार को कीर्तिनगर रामल. ीला मैदान में भारी बारिश के बीच धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जल्द सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के



मानदेय को नहीं बढ़ती है तब तक आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी कर बीएलओं के कार्यो को नहीं किया जायेगा।

मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सेविका, मिनी कर्मचार संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष नीलम नेगी ने कहा कि उत्तराखंड आंगनबाड़ी कार्यकर्ती,सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन के द्वारा 14 मार्च को विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय रैली आयोजित की गई थी, जिसमें मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाना था। नेगी ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे उनमें भारी रोष व्याप्त है। कहा कि सरकार और प्रशासन की ओर से उनका मानदेय नहीं बढ़ाया जाता है तो वे अपने-अपने केंद्रों पर केवल उपस्थिति दर्ज कराएंगी, लेकिन पोषण ट्रैकर सहित अन्य कोई कार्य नहीं करेंगी। प्रदर्शन करने वालों में संगठन की कोषाध्यक्ष अर्चना बडोनी, सचिव अंजली देवी, अनुष्का, सुरती देवी, कुसुम, परमेश्वरी, सरोजनी, पुष्पा देवी सहित आदि मौजूद थे।

## श्रीनगर में प्रभावितों ने दूसरे दिन भी बंद रखा रेलवे निर्माण कार्य

**श्रीनगर।** नगर निगम के रेवड़ी कांडई टीचर्स कॉलोनी में बीते वर्ष हुए भू-धंसाव के चलते क्षतिग्रस्त हुए आवासीय भवन का प्रभावितों मुआवजा न मिलने पर बुधवार को प्रभावितों ने दूसरे दिन भी श्रीनगर से लेकर डुंगरीपंथ तक रेलवे निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद रखा। प्रभावितों ने कहा कि रेलवे निर्माण कार्य में हुई ब्लॉस्टिंग के चलते उनके आवासीय भवनों में क्षति पहुंची है, लेकिन रेलवे विभाग द्वारा मुआवजा को लेकर कोई उचित कार्यवाही नहीं की है। बताते चलें कि बीते वर्ष हुई तेज बारिश के चलते घसिया महादेव स्थित टीचर्स कॉलोनी में भू-धसाव होने के कारण आठ मकानों में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये थे। प्रभावित वासुदेव कंडार ने कहा कि वह 2004 से इस क्षेत्र में रह रहे हैं, लेकिन रेल सुरंग निर्माण के दौरान कंपनी ने मानकों की अनदेखी करते हुए भारी विस्फोट किए, जिससे जमीन खिसकने लगी। जिसके परिणाम स्वरूप सितम्बर माह में आवासीय भवन रहने लायक नहीं रहें। बताया कि पूर्व में इसको को लेकर रेलवे विभाग और जिला प्रशासन से पहुंची भूवैज्ञानिक विशेषज्ञों द्वारा इसका निरीक्षण किया।

### एक नजर .......

## कार्डियोलॉजी ओपीडी में 45 मरीजों ने लिया परामर्श

**श्रीनगर।** बेस अस्पताल श्रीनगर में बुधवार को आयोजित विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप मालविया द्वारा मरीजों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। बारिश के मौसम के बावजूद ओपीडी में मरीजों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिली। इस विशेष ओपीडी में कुल 45 मरीजों की जांच की गई, जिनमें हृदय संबंधी विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीज शामिल रहे। जांच के दौरान डॉ. मालविया ने 15 मरीजों का इकोकार्डियोग्राफी (ईको) परीक्षण किया, जिससे हृदय की कार्यप्रणाली का विस्तृत आकलन किया गया। इसके अलावा 20 से अधिक मरीजों का ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) टेस्ट किया गया, जिससे हृदय की धड़कन और उसकी विद्युत गतिविधियों की स्थिति का पता लगाया गया। डॉ. संदीप मालविया ने बताया कि आजकल अनियमित जीवनशैली, तनाव, असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण हृदय रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने मरीजों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, रोजाना व्यायाम करने और चिकित्सक द्वारा दी गई दवाओं का समय पर सेवन करने की सलाह दी।

## साइस्पेस और कनेक्टेड पेपर्स के उपयोग की दी जानकारी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आईसीएसएसआर प्रायोजित रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला के आठवां दिन शोध की गुणवत्ता, आधुनिक डिजिटल टूल्स और नैतिक मानकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. राजलक्ष्मी दत्ता ने स्कोपस, वेब ऑफ साइंस तथा एआई आधारित टूल्स जैसे साइस्पेस और कनेक्टेड पेपर्स के उपयोग पर जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को शोध कार्य में इन आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी दी। डॉ. दत्ता ने प्रतिभागियों को इन टूल्स का प्रायोगिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण भी कराया, जिससे शोध से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। प्रो. सतीश चंद्र सती ने शोध प्रकाशन में नैतिकता एवं दुराचार विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध में ईमानदारी, मौलिकता और पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्लेजरिज्म, डेटा में हेरफेर और फर्जी प्रकाशनों जैसी अनैतिक प्रवृत्तियों से बचने के प्रति प्रतिभागियों को सचेत किया और गुणवत्तापूर्ण व विश्वसनीय शोध करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कार्यक्रम के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह एवं सह-निदेशक डॉ. आलोक सागर गौतम सहित आदि मौजूद थे।

## गढ़वाल विवि में नूतन सत्र से छात्रों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति सत्र 2026-27 की बैठक बुधवार को चौरास परिसर स्थित शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में आहुत की गई। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया सीयूईटी के माध्यम से संचालित होगी, जबकि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसकी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होगी। साथ ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने पर सहमति बनी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आगामी सत्र में उन विषयों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे, जिनमें चतुर्थ वर्ष में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं तथा इनके लिए सीटें भी निर्धारित की गई। बैठक में पीएचडी सीटों का रोस्टर भी स्वीकृत किया गया।बैठक में विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, टिहरी, पौड़ी एवं चौरास परिसर के निदेशक, वित्त अधिकारी, कुलसचिव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं, बाह्य सदस्य प्रो. सुधीर प्रताप सिंह, डीडब्ल्यूटी कॉलेज देहरादून की प्राचार्य प्रो. आरती दीक्षित तथा बीएसएम पीजी कॉलेज हरिद्वार के प्राचार्य डॉ. गौतमवीर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था की जांच को प्रवर्तन टीमों ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जनपद में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने तथा कालाबा. जारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने हेतु जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन पर खाद्य नागरिक आपूर्ति की प्रवर्तन टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर संचालित गैस एजेंसियों, प्रतिष्ठानों, होटल-ढाबों तथा पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार को जनपद में कुल 24 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से

■ कुल 24 प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

श्रीनगर क्षेत्र में 02 गैस गोदाम, कोटद्वार में 01 गैस गोदाम व 04 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, पौड़ी व पाबौ क्षेत्र में 01-01 गैस गोदामों का तथा नौगांवखाल/पोखड़ा क्षेत्रों में 15 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने तथा अभिलेखों को रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मोरी गड्डुगाड़ पट्टी में 13 दिनों से संचार सेवा ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी /मोरी।** पहाड़ी क्षेत्र की संचार व्यवस्था एक बार फिर लचर साबित हुई है। मोरी विकासखंड की डोभाल गांव ग्राम पंचायत की प्रधान महेन्द्री पंवार ने जनपद के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा को तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

गड्डुगाड़ पट्टी में पिछले लगभग 13 दिनों से संपूर्ण नेटवर्क व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

ग्राम प्रधान महेन्द्री पंवार ने ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा कि डिजिटल इंडिया के इस दौर में पूरा क्षेत्र संचार के मामले में पूरी तरह

■ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को सौंपा ज्ञापन

कटा हुआ है।

"नेटवर्क के अभाव में न तो सरकारी काम हो पा रहे हैं, न निजी व्यवसाय चल पा रहा है और न ही आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच बन पा रही है," उन्होंने मंत्री को अवगत कराते हुए जोर दिया।

प्रधान महेन्द्री पंवार ने मंत्री सौरव बहुगुणा से अपील की है कि इस गंभीर संकट को देखते हुए तुरंत उच्च स्तरीय टीम भेजकर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को इस डिजिटल अंधेरे से मुक्ति मिल सके।

### ज्ञापन में प्रधान ने चार गंभीर मुद्दे उठाए

- **सिग्नल का पूर्ण अभाव:** पिछले 13 दिनों से पूरे क्षेत्र में 2ळ सिग्नल तक उपलब्ध नहीं हो रहे हैं।
- **संसाधनों की निष्क्रियता:** ।पतजमस, टवकंविदम, ठैछस् और श्रपव के टावर क्षेत्र में लगे हुए हैं, फिर भी कनेक्टिविटी शून्य है।
- **5जी सक्रिय नहीं:** विकास कार्यों, ऑनलाइन सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के लिए 5जी नेटवर्क अत्यावश्यक है, लेकिन पूरे क्षेत्र में एक भी 5जी टावर सक्रिय नहीं है।
- **तकनीकी खामी:** जियो और बीएसएनएल के टावर भौगोलिक रूप से निचले इलाकों (डाउन) में स्थापित होने के कारण सिग्नल ऊंचाई वाली पंचायतों तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं, जिससे समूचा क्षेत्र संचार से वंचित है।

स्थानीय लोग भी इस मुद्दे पर बेहद आक्रोशित हैं। उन्होंने बताया कि बिना नेटवर्क के न बैंकिंग, न शिक्षा और न ही स्वास्थ्य सेवाएं सही से संचालित हो पा रही हैं। अब देखना यह होगा कि कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा इस ज्ञापन पर कितनी तेजी से कार्रवाई करते हैं।

# यात्रा तैयारियों में बाधक बना बदलते मौसम का मिजाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुप्तकाशी/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में दो दिनों से लगातार रूक-रूककर बर्फबारी जारी है, जिससे यात्रा तैयारियों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। कपाट खुलने की तिथि नजदीक होने के बावजूद मौसम का बदला मिजाज प्रशासन और कार्यदायी संस्थाओं के लिए चुनौती बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि इस बार धाम में बेमौसम बर्फबारी हो रही है। जहां दिसंबर-जनवरी में अपेक्षाकृत कम बर्फ देखने को मिली, वहीं अब कपाट खुलने से ठीक पहले भारी बर्फबारी ने हालात कठिन कर दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल को बाबा केदार की डोली ओंकारेश्वर मंदिर से प्रस्थान करेगी, जबकि 22 अप्रैल को कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोटी लिनचोली से धाम तक भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के चलते पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर में ढक गया है। इससे निर्माण और मरम्मत कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। सोनप्रयाग से केदारपुरी तक लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) गुप्तकाशी द्वारा यात्रा को सुगम बनाने के लिए कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं, लेकिन लगातार बर्फबारी और बारिश के कारण श्रमिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़



■ केदारनाथ धाम में दो दिनों से लगातार बर्फबारी जारी ■ यात्रा तैयारियों पर पड़ रहा बुरा असर ■ 22 अप्रैल को खुलने हैं कपाट, व्यवस्थाएं तेजी से जारी

रहा है।

बर्फ हटाने के लिए 60 श्रमिकों की दो टीमें बनाई गई हैं। एक टीम केदारनाथ से और दूसरी छोटी लिनचोली से मार्ग साफ करने में जुटी है। मंगलवार तक करीब 4 से 5 फीट चौड़ाई में मार्ग साफ कर लिया गया था, लेकिन ताजा बर्फबारी के चलते कई स्थानों पर फिर से बर्फ जम गई है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजविंद सिंह ने बताया कि मौसम को देखते हुए अतिरिक्त श्रमिकों की तैनाती पर विचार किया जा रहा है, ताकि यात्रा शुरू होने से पहले पैदल मार्ग पूरी तरह सुचारु किया जा सके। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।लगातार खराब मौसम के चलते केदार घाटी के व्यापारियों के चेहरे मुरझाने लगे हैं। कई व्यवसायियों ने यात्रा को लेकर पहले ही लाखों रुपये खर्च कर सामग्री, ईंधन और टेंट आदि की व्यवस्था कर ली है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता से कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य विनीत पोस्ती ने बताया कि बर्फबारी से चुनौतियां जरूर बढ़ी हैं, लेकिन धाम में तैयारियां लगातार जारी हैं। प्रशासन और संबंधित विभाग यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।

# नदी किनारे फैले कचरे का पालिका ने किया समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** शहरी विकास निद. `शालय के निर्देश पर नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग की ओर से "स्वच्छता सप्ताह" कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका समापन 13 अप्रैल को होगा। अभियान की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने नमामि गंगे के घाटों की सफाई करके की। उन्होंने बताया कि विशेष स्वच्छता अभियान में सभी की भागीदारी जरूरी है।

अभियान के तहत नगर पालि. का परिषद द्वारा चयनित वार्ड बेलनी क्षेत्र में अलकनंदा तट पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी किनारे फैले कूड़े-कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने





का कार्य किया गया, साथ ही आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने कहा कि नगर क्षेत्र के विकास को लेकर सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रात-दिन कार्य करते हुए पालिका को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गंगा घाटों की सफाई की जानी जरूरी है। मां मंदाकिनी और अलकनंदा को स्वच्छ बनाए रखने को लेकर संकल्प लेकर धरातल पर कार्य करने की जरूरत है। इस दौरान सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश देते हुए अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। सफाई अभियान में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर जसपाल भारती, मोहल्ला स्वच्छता समिति के सदस्य, नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों के साथ-साथ प्रभारी सफाई निरीक्षक भी उपस्थित रहे।

# मसूरी को मिलेगी 'हरित' सौगात, 15.5 एकड़ में बनेगा प्रकृति उद्यान

## पर्यटन विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा नया आयाम: बंशीधर तिवारी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में पर्यटन नगरी मसूरी को पर्यावरणीय दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। मसूरी- देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा मसूरी के हुसैनगंज क्षेत्र में लगभग 15.5 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक प्रकृति उद्यान (ईको पार्क) का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है।

मसूरी लंबे समय से उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल रही है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में पर्यटन के बढ़ते दबाव के बीच प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए एमडीडीए ने यह पहल की है, ताकि मसूरी को एक पर्यावरण-अनुकूल और संतुलित पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके।

**जैव विविधता को मिलेगा बढ़ावा:** प्रकृति उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के स्थानीय पेड़ों और पौधों का व्यापक रोपण किया जाएगा। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और जैव विविधता को भी मजबूती मिलेगी। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के हरित क्षेत्र न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसके अलावा उद्यान में आगंतुकों के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था, आकर्षक मंडप (गजीबो), योग पथ और भोजनालय जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इन व्यवस्थाओं से पर्यटक प्राकृतिक वातावरण में समय बिताने के साथ-साथ स्वास्थ्य और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।

**संस्कृति और प्रकृति से परिचित कराएगा संग्रहालय:** परियोजना के अंतर्गत एक छोटा संग्रहालय भी स्थापित किया जाएगा। इसमें मसूरी और आसपास के क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय परंपराओं और जैव विविधता से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की जाएंगी। इससे आने वाले पर्यटक न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेंगे, बल्कि इस क्षेत्र के इतिहास और पर्यावरणीय महत्व को भी समझ सकेंगे। यह पहल मसूरी को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा।

### मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही योजना: वीसी एमडीडीए

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में मसूरी को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हुसैनगंज में बनने वाला यह प्रकृति उद्यान मसूरी के पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना में प्रकृति के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और स्थानीय वनस्पतियों तथा प्राकृतिक ढलानों को सुरक्षित रखते हुए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उनका कहना है कि यह उद्यान आने वाले समय में मसूरी के पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण बनेगा और स्थानीय लोगों को भी प्रकृति के बीच समय बिताने के लिए एक सुंदर एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराएगा।

### विकास और संरक्षण के बीच संतुलन: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि प्रकृति उद्यान की पूरी योजना पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना है। उद्यान के डिजाइन में प्राकृतिक ढलानों, हरियाली और स्थानीय संसाधनों को सुरक्षित रखने का विशेष ध्यान रखा गया है। उनका कहना है कि इस परियोजना के पूरा होने से मसूरी में पर्यावरण- अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह स्थान भविष्य में पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### प्रकृति के बीच आधुनिक सुविधाओं वाला उद्यान

प्रस्तावित प्रकृति उद्यान को पूरी तरह पर्यावरण-अनुकूल अवधारणा पर विकसित किया जाएगा। इसकी रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है कि पहाड़ी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। उद्यान में कृत्रिम पहाड़ी जलाशय, घने पेड़ों के बीच से गुजरने वाले वन पथ, बच्चों के लिए आकर्षक बाल उद्यान तथा युवाओं के लिए साहसिक गतिविधियों वाला क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इससे यह स्थान परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस परियोजना का उद्देश्य केवल मनोरंजन स्थल तैयार करना नहीं है, बल्कि लोगों को प्रकृति के करीब लाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी है। ऐसे प्रकृति उद्यान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ऋषिकेश में मुठभेड़ के बाद हरियाणा का शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश/देहरादून।** पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हरियाणा के एक अंतरराज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। ऋषिकेश के जंगलात बैरियर पर चेकिंग के दौरान भागने की कोशिश कर रहे इस बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर भी झोंका, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और त्वरित घेराबंदी के चलते उसे दबोच लिया गया। अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस और फर्जी नंबर प्लेट लगी स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मंगलवार रात ऋषिकेश पुलिस जंगलात बैरियर के पास सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रानीपोखरी की ओर से आ रही एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही चालक ने वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी और सरकारी वाहन से पीछा शुरू किया।भागने के दौरान काली मंदिर के पास एक मोड़ पर अभियुक्त की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पिलर से जा टकराई। इसके बाद अभियुक्त कार छोड़कर जंगल की तरफ भागने लगा। जब पुलिसकर्मियों ने उसे घेरने की कोशिश की, तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने बहादुरी दिखाते हुए जवाबी घेराबंदी की और अभियुक्त को मौके पर ही पकड़ लिया।

### मेवात का निकला शातिर अपराधी

पकड़े गए अभियुक्त की पहचान 22 वर्षीय इमरान पुत्र इदरीश, निवासी ग्राम सुडाका, जिला नूह (मेवात), हरियाणा के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि करीब एक माह पूर्व उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर ऋषिकेश से एक डंपर चोरी किया था, जिसे वे मेवात ले गए थे। मंगलवार को वह दोबारा वाहन चोरी के लिए रेकी करने ऋषिकेश आया था। पकड़े जाने के डर से उसने फर्जी नंबर प्लेट का सहारा लिया और पुलिस पर गोली चलाई।पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। तलाशी में कार के भीतर से उसकी असली नंबर प्लेट भी मिली है।

# चारधाम में व्यवस्थाएं चौकस, यात्रा से पहले पूर्ण होने को हैं कार्य: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि चार धाम यात्रा को लेकर सभी तैयारियां अंतिम दौर मे हैं और समय से पहले सभी कार्य पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि चार धाम मे खाध आपूर्ति और सिलेंडर की भी कोई किल्लत नही है। चार धाम आने वाले यात्रियों का पंजीयन सुरक्षा की दृष्टि से ही किया जाता है ।

कांग्रेस विधायक के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ मे मास्टर प्लान के तहत सभी कार्य गुणवत्ता से किये जा रहे है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई और रंग-रोगन के कार्य भी अंतिम चरण मे है। मंदिर परिसर में 19 अप्रैल से पहले आकर्षक साइनेज लग रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। चौहान ने कहा कि चार धाम मे खाद्य आपूर्ति को गैस सिलेंडर की हर सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम कर दिये गए हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से भी अतिरिक्त कोटे की मांग की जिस पर सहमति बन गयी है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस की आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के दौरान कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों को



■ सुरक्षा की दृष्टि से होता है यात्रियों का पंजीयन, सनातन का हवाला तर्कसंत नहीं

किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने तेल कंपनियों को निर्देशित किया कि घरेलू गैस आपूर्ति में यदि कोई बैकलॉग है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल समाप्त किया जाए तथा आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाया जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

चौहान ने कहा कि सुरक्षा के खातिर सभी यात्रियों का पंजीयन होता है और वर्षों से यह प्रक्रिया जारी है। इसका सनातन से कोई लेना देना नही है। चार धाम मे देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं और सबका विवरण होता है। हमारे तीर्थो मे यात्रियों की संख्या बढ़ रही है तो यह सुखद है। इससे युवाओं को रोजगार मुहैया होगा और प्रदेश की अर्थिकी मे भी वृद्धि होगी। यात्रियों की गणना का सनातन से संबंध न होना तर्क संगत नही है। इसके अलावा आनलाइन पोर्टल के खुले रहने या बन्द करने का संबंध भी अव्यवस्था को रोकने अथवा यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होती है।

# शिक्षा विभाग के प्रतिनियुक्ति पर गए कार्मिकों की होगी वापसी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों, विभागीय कार्यालयों व अन्य विभागों में लम्बे समय से सम्बद्ध व प्रतिनियुक्ति पर गये शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों को मूल तैनाती स्थल पर भेजा जायेगा। प्रदेशभर के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों की सूची एक सप्ताह के भीतर शिक्षा महानिदेशक को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिक्षा विभाग में मानव संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये बड़ा कदम उठाया है। डॉ. रावत ने लम्बे समय से विभिन्न



स्कूलों, विभागीय कार्यालयों एवं अन्यत्र विभागों में सम्बद्ध अथवा प्रतिनियुक्ति पर गये शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया है। जिसमें कार्मिक का नाम, पद, मूल तैनाती स्थल, वर्तमान कार्यस्थल, प्रतिनियुक्ति अथवा अटैचमेंट की अवधि एवं कारण सहित सभी आवश्यक जानकारियां मांगी गई है। डॉ. रावत ने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा

■ कहा, सभी सीईओ एक सप्ताह में शिक्षा महानिदेशक को उपलब्ध कराएं सूची

अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों के विभिन्न स्तरों पर अटैच किए गए कार्मिकों का पूरा विवरण एक सप्ताह के भीतर महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि मूल तैनाती से इतर दूसरी जगहों पर कार्यरत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों को वापस भेजा जा सके। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनाना है। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक रूप से अन्यत्र तैनात कार्मिकों की स्थिति का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की शिकायतें मिलती हैं, जबकि बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी विभिन्न कार्यालयों या अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति या अटैचमेंट पर कार्यरत हैं। डॉ. रावत ने कहा कि तीन वर्ष से अधिक समय से प्रतिनियुक्ति अथवा अचौट पर गये कार्मिकों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। जिन कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति या अटैचमेंट आवश्यक नहीं पाया जाएगा, उन्हें मूल तैनाती पर वापस भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर .......

### उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल को मिला समर्थन

**देहरादून।** यमुना कॉलोनी में चल रही उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल को देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का आज समर्थन मिला हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने यमुना कॉलोनी में हड़ताल स्थल पर पहुंचे एवं इंजीनियर रामकुमार, महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर आरसी शर्मा, महासचिव इंजीनियर वीरेंद्र गोसाई, अध्यक्ष संघर्ष समिति इंजीनियर दिवाकर धसमाना, पेयजल निगम डिप्लोमा संघ के अध्यक्ष इंजीनियर अजय बैलवाल से मुलाकात की एवं अपना समर्थन दिया। अमित अग्रवाल ने कहा कि यह सभी इंजीनियर 23 मार्च से यहां पर हड़ताल कर बैठे हुए हैं। सरकार उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की बातें नहीं मानी तो चार धाम यात्रा एवं कुंभ मेला के विकास कार्यों में बड़ी बाधा उत्पन्न हो सकती हैं। कहां अनिश्चितकालीन 27 सूत्रीय मांगो के साथ चल रही हड़ताल के कारण उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की उत्तराखण्ड पेयजल निगम के हमारे काफी कार्य आप लोगो की अनुपस्थिति के कारण रूक गये है एवं मापे न होने के कारण भुगतान भी नहीं हो पा रहे है। सरकार एवं सभी अधिकारियों को आपके माध्यम से अवगत कराना है कि बिना अपर सहायक अभियन्ता के कार्यों को किया जाना असम्भव है। इसमें होने वाली देरी के लिए स्वयं सरकार एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम में संघ के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। देव भूमि जल शक्ति एसोसिएशन से सकलानंद लखेड़ा, संदीप मित्तल, जे पी अग्रवाल, रजत सिंघल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### उतिरछा विद्यालय में शिक्षण सामग्री वितरण एवं संस्कारमय शिक्षा का दिया संदेश

**कोटद्वार ।** विकासखंड दुगड्डा के ग्राम उतिरछा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के तत्वाधान में एक प्रेरणादायी एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एवं छात्र संघ महासचिव, राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के महासचिव अनुराग कंडवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं गेप्स के प्रतिनिधि मनमोहन काला जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनमोहन काला, अध्यक्ष अनुराग कंडवाल, विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक कैलाश कुकरेती, इंजीनियर जगत सिंह नेगी एवं गेप्स के उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ श्रद्धापूर्वक किया गया।

# अपराधियों पर दून पुलिस का 'प्रहार'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए एसएसपी देहरादून के नेतृत्व में श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमें जनपद के कोने-कोने में सघन चेकिंग कर रही हैं।पुलिस महानिरीक्षक और एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड को भी शामिल किया गया है। पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीमें

■ एटीएस के साथ सड़कों पर उतरे जवान

शहर के मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील इलाकों में प्रत्येक वाहन और संदिग्ध व्यक्ति की कड़ाई से चेकिंग कर रही हैं।ऑपरेशन के दौरान पुलिस विशेष रूप से रात के समय बिना किसी कारण सड़कों पर घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। जिन व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई जा रही हैं, उन्हें तत्काल हिरासत में लेकर संबंधित थानों में पूछताछ के लिए लाया जा रहा है। पुलिस द्वारा वाहनों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ संदिग्धों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि श्ऑपरेशन प्रहारश का उद्देश्य जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराध की योजना बना रहे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना है। पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस ने जनता से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### होटल संचालक को ब्लैकमेल करने पर तीन आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** रेस्टोरेंट संचालक को ब्लैकमेल करने व धमकी देकर वसूली करने वाले आरोपियों को कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक श्रीनगर कुलदीप सिंह ने बताया कि श्रीनगर निवासी एसके जैन ने बीते 13 फरवरी को कोतवाली श्रीनगर में एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था कि कुछ युवकों द्वारा उनके रेस्टोरेंट के खाने में कॉकरोच मिलने की शिकायत पर एफएसएसएआई में 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ ही रेस्टोरेंट, होटल की प्रतिष्ठा खराब करने तथा फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर उनकी पुत्री से 50 हजार रूपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपी अक्षत आनन्द उर्फ साहिल, सोहेल अख्तर एवं रितेश मिश्रा द्वारा सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत दिनांक 21 नवम्बर 2025 को श्रीनगर स्थित ट्रॉपिकल रेस्टोरेंट में भोजन किया गया था।

# चारधाम यात्रा 2026: आपदा प्रबंधन को लेकर तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। यात्रा के दौरान किसी भी संभावित आपदा या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण श्टेबल टॉप एक्सरसाइजश आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 अप्रैल को होने वाली व्यापक मॉकड्रिल की तैयारियों को अंतिम रूप देना और

■ सुरक्षित यात्रा के लिए एनडीएमए और यूएसडीएमए ने कसी कमर

विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।प्रशासन ने इस वर्ष 'जीरो लॉस-ऑफ-लाइफ' यानी शून्य जनहानि का कड़ा संकल्प लिया है। विशेषज्ञों ने निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों के सभी संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां उपलब्ध संसाधनों की जीआईएस मैपिंग की जाए, ताकि आपदा की स्थिति में बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया जा सके। इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत तैनात सभी कमांडरों और मजिस्ट्रेटों को अपनी जिम्मेदारियों और संसाधनों की सटीक जानकारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### 9 जोन और 23 सेक्टरों में बंटा देहरादून

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के अनुपालन में देहरादून जिले को 9 जोन और 23 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) के.के. मिश्रा ने बताया कि इन सभी क्षेत्रों में जोनल और सेक्टर अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। यात्रा के दौरान ऑनलाइन-ऑफलाइन पंजीकरण, परिवहन, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता और खाद्य सामग्री की दरों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मानसून के दौरान बादल फटने, भूस्खलन और अतिवृष्टि जैसे खतरों को देखते हुए एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग और बीआरओ को संवेदनशील स्थानों पर भारी मशीनरी और मैनपावर तैनात रखने को कहा गया है। साथ ही सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस की क्यूआरटी टीमों को भी पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा के समय ड्रोन सर्वेक्षण और हेली सेवाओं के बीच बेहतर तालमेल पर भी जोर दिया गया है।बैठक में उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, योगेश मेहरा, क्षेत्राधिकारी जगदीश पंत सहित सड़क, बिजली, पानी और परिवहन विभाग के तमाम उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### केन्द्र सरकार ने दी रुद्रप्रयाग शहर को बड़ी सौगात

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी को जोड़ने वाले अलकनंदा नदी पर स्थित जर्जर बेलनी मोटर पुल के स्थान पर अब नए पुल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 33 करोड़ रुपये की लागत से 85.68 मीटर लंबे स्टील गार्डर डबल लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ ही लंबे समय से उठ रही क्षेत्रीय मांग को बड़ी राहत मिली है। नए पुल के निर्माण से रुद्रप्रयाग शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है। वर्तमान में बेलनी पुल की जर्जर स्थिति के चलते कई बार भारी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाना पड़ा, जिससे आम जनता और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती थी।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 284 संशोधन/परिशिष्ट- 02 दि0: 08.04.2026

निविदा सं0 ई0-निविदा सी0एच0(अनु0)-20/2025-26 के सैक्शन -3 निविदादाताओं और पात्रता मानदंड के निर्देश खंड सं0: 7- EPF पंजीकरण की आवश्यकता को निरस्त किया जाता है।

अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत् समान रहेंगी तथा तिथियाँ निम्नवत विस्तारित की जाती हैं।

**निविदा डाउनलोड होने की अन्तिम तिथिः** 15.04.2026 16:00 बजे
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 15.04.2026 16:00 बजे
**निविदा खोलने की तिथि/समयः** 16.04.2026, 11:00 बजे

अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http:/uktenders.gov.in" देखें।

(अधि0अभि0, अनु0, छिबरो)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर), 56 स्पेशल विंग, प्रेमनगर-248007
निकट अमिताभ टेक्सटाइल मिल, देहरादून कारपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867 दूरभाष : 0135-2770955 ईमेल : eddmohanpur@gmail.com

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों से जिनके पास विद्युत अधिष्ठापन कार्यों हेतु उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त प्रथम श्रेणी का राजकीय विद्युत ठेकेदार लाइसेन्स हो तथा जो आयकर, जी०एस०टी० ई०एस०आई० एवं ई०पी०एफ० के अन्तर्गत पंजीकृत, से मोहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर राशि नियम व शर्ते उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत प्रथम श्रेणी का लाईसेंस की प्रमाणित प्रतिलिपि, आयकर, जी०एस०टी०, ई०एस०आई० एवं ई०पी०एफ० पंजीकरण पैन कार्ड की प्रतिलिपि आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 06 माह तक वैध हो) आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाक 22.04.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भुगतान जमा कर 14:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है निविदा की धरोहर राशि निम्नानुसार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड मोहनपुर, देहरादून के पक्ष में बन्धक होनी चाहियें तथा एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० निविदा प्रकाशन तिथि के बाद की होनी अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि के निविदा भाग-2 को नहीं खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये समस्त निविदा अथवा किसी एक निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/EDD(M)/2026-27 | Replacement of Jumpering of line & Transformer under by cover conductor Dhoolkot under EDD Mohanpur. | 23.04.2026 को 10:30 बजे तक | 23.04.2026 को 11:00 बजे | रू. 1180.00 (कर सहित) | रू. 44,300.00 |
| 2 | 09/EDD(M)/2026-27 | Rejumpering by using covered conductor of Transformer Dhaulash Feeder under EDD Mohanpur. | 23.04.2026 को 10:30 बजे तक | 23.04.2026 को 12:00 बजे | रू. 1180.00 (कर सहित) | रू. 41,500.00 |
| 3 | 10/EDD(M)/2026-27 | Rejumpering by using covered conductor of Transformer under EDSD Section Mohanpur. | 23.04.2026 को 10:30 बजे तक | 23.04.2026 को 13:00 बजे | रू. 1180.00 (कर सहित) | रू. 43,800.00 |
| 4 | 11/EDD(M)/2026-27 | Construction of HT/LT line & 100 KVA Substation under EDD Mohanpur. | 23.04.2026 को 10:30 बजे तक | 23.04.2026 को 14:00 बजे | रू. 1180.00 (कर सहित) | रू. 39,200.00 |

पत्रांक : 2087/वि0वि0ख0(मोहनपुर)दे0दून/उपाकालि/
दिनांक : 08.04.2026

अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185 / फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ले.जनरल सतीश दुआ व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने दूनवासियों के साथ साझा किए अनुभव

**दून पुस्तक महोत्सव 2026 लिटरेचर फेस्ट**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ले. जनरल सतीश दुआ ने अपनी किताब श्प्दकपंे ठतंअमीमंतजेश् के बारे में चर्चा की। इस किताब में उन्होंने भारतीय सेना में रहते हुए आतंकियों के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन्स और उरी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गयी सर्जिकल स्ट्राइक्स के अनुभव, रणनीति और रोमांचक कहानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राईक के बाद भारत ने देश-दुनिया में भारत की सैन्य ताकत का लोहा मनवाया है।

आज भारत सैन्य तकनीक और साजोसामान निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।

बच्चों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि देशभक्ति का अर्थ भारतीय सेना में सेवा देना ही नहीं है, बल्कि आज जिस क्षेत्र में भी काम कर रहे हों, देशहित और देश के विकास का हिस्सा बनें। उन्होंने युवाओं से कहा कि यदि आप भारतीय सेना और बलिदानियों को सच्चा सम्मान देना चाहते हैं तो आप देश के एक अच्छे नागरिक बनें।

वहीं दून पुस्तक महोत्सव में बुधवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अनुभवों ने छात्रों को प्रेरित किया। शुक्ला एक विशेष सत्र में दून वासियों से रूबरू हुए। उन्होंने इस दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू पायलट एवं अंतरिक्ष यात्री के रूप में अपने अनुभवों को साझा किया।



■ नीरज राजपूत, डिफेंस जर्नलिस्ट ने किया सत्र का संचालन ■ एन.बी.टी. निदेशक युवराज मलिक ने किया लिटरेचर फेस्ट में दुआ का स्वागत व सम्मान

# सिंहद्वार से ब्रह्मपुरी तक अभियान, अवैध ठेलियां-खोखे हटाए

## अतिक्रमण पर बुलडोजर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम हरिद्वार ने बुधवार को व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाते हुए कई अवैध कब्जों पर कार्रवाई की। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में नगर निगम की टीम ने सुबह और दोपहर दोनों पालियों में अलग-अलग क्षेत्रों में सघन कार्रवाई की। अभियान की शुरुआत सुबह सिंह द्वार से शंकर आश्रम तक की गई, जहां सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेलों



और दुकानों को हटाया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने 5 अवैध ठेलियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जबकि 6 ठेलियों को जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही शंकर आश्रम रोड पर दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ और सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इन अतिक्रमणों के कारण सड़कें संकरी हो रही थीं और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। साथ ही पैदल चलने वालों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अभियान चलाकर रास्तों को साफ कराया गया।

दोपहर की पाली में नगर निगम की टीम ने ब्रह्मपुरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 20 से अधिक अवैध अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया। ये अतिक्रमण नालियों के ऊपर और सड़कों पर किए गए थे, जिससे जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही थी और स्वच्छता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।

इस दौरान टीम ने 4 अवैध खोखों और 10 ठेलियों को भी ध्वस्त किया, जो लंबे समय से सड़क पर कब्जा जमाए हुए थे। इसके अलावा सरकारी महिला अस्पताल के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाकर क्षेत्र को खाली कराया गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। अभियान के दौरान उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, सफाई निरीक्षक धीरेंद्र सेमवाल और अतिक्रमण सहायक आदित्य तेश्वर सहित नगर निगम के अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

# इब्राहिमपुर में पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष, वीडियो वायरल

## 9 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर में पारिवारिक विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर के आधार पर 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार खान मोहम्मद पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम इब्राहिमपुर ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार को अपने समधी रियासत के घर गया तो शोकत, रुस्तम, अमजद, फिरोज, वसीम, तजम्मुल, तनवीर, ताजीम व मुन्तजीर आदि रियासत के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि रियासत को कमरे में बंद कर आग लगाने की कोशिश की गई, किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई है। पीड़ित का आरोप



है बीच-बचाव किया तो उस पर भी लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया। बाद में मौके पर पहुंचे उसके पुत्रों अशरफ और अफजल पर भी हमला किया गया, जिससे परिवार के कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग होने की भी बात कही गई है। इससे पहले हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पत्थरबाजी साफ दिखाई दे रही है।

पथरी थानअध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर के आधार पर 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर जल्दी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# जमीनी विवाद में मारपीट कई लोग घायल, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में जमीन विवाद में देवर जेठ और अन्य लोगों ने भाभी और छोटे भाई पर हमला के दिया। हमलावरों ने लोहे के सरिये और डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में टिबड़ी कॉलोनी निवासी सीमा देवी ने बताया कि उनके परिवार और रिश्तेदारों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसका फैसला हाल ही में उनके पक्ष में आया है। इसके बाद से ही दूसरा पक्ष लगातार उन्हें परेशान कर रहा है। पांच अप्रैल को सुबह उनके जेठ मान सिंह, देवर हरपाल सिंह, नेपाल सिंह और जेठ का पुत्र प्रकाश शराब के नशे में उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर उन पर और उनके पति सेवा राम पर हमला कर दिया। लोहे के सरिये और डंडों से किए गए हमले में सेवा राम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि अगले दिन भी आरोपियों ने उनके बेटे मोहित के साथ मारपीट की और धमकाया। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चारधाम यात्रियों की संख्या निर्धारित करने का किया विरोध

## संयुक्त मोर्चा पर्यटन उद्योग ने की सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर निर्णय पर पुनर्विचार की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संयुक्त मोर्चा पर्यटन उद्योग ने चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित किए जाने के फैसले का विरोध करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में होटल व्यवसायी और ट्रैवल एजेंसी संचालक शामिल हुए और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। पर्यटन कारोबारियों ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित करने के फैसले से उनके व्यवसाय पर सीधा असर पड़ रहा है और हजारों लोगों की आजीविका खतरे में है। चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रीयों की संख्या में भी गिरावट आ रही है। इसलिए श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित करने के निर्णय पर सरकार पुर्नविचार करे। यदि फैसला नहीं बदला गया, तो



आंदोलन तेज किया जाएगा। आरोप लगाया कि वे पिछले दो वर्षों से लगातार प्रशासन को ज्ञापन सौंपते आ रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस दौरान देवेंद्र सिंह, रकम सिंह, सतीश कुमार, विपिन सैनी, चंद्रकांत कोठारी, शमीम, कुलवीर सिंह, सिमरनजीत सिंह, साजिद, इरफान, जॉनी, युसूफ, कर्मवीर सिंह, अनिल, वसीम, मुबारक, राघव, मांगेराम, बंटी भाटिया, विजय शुक्ला, अरविंद खनेजा, चेतन, इकबाल सिंह, हरीश भाटिया, निर्मल सिंह, संजय शर्मा, चंद्रकांत शर्मा, पुष्पप्रीत तनेजा आदि शामिल रहे।

# अवैध शराब-सट्टा में 2 गिरफ्तार, 5 वारंटी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है। एक ओर जहां पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी और सट्टा खिलाने के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, वहीं ऑपरेशन प्रहार के तहत पांच वारंटियों को दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार ज्वालापुर प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि त्गठित पुलिस टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपी गोल्डी पुत्र जितेंद्र कोहली निवासी कोतावान ज्वालापुर को 50 पव्वे अवैध देशी शराब (माल्टा मार्का) के साथ गिरफ्तार किया गया। विवेकानंद पुत्र मनेन्द्र नाथ निवासी राजीव नगर ज्वालापुर को सट्टा पर्ची, पेन, डायरी तथा 1120 रुपये नगद के साथ दबोचा गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम व जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वही पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने बुधवार की रात विशेष अभियान चलाया। टीमों ने दबिश देकर न्यायालय से जारी वारंटों की तामील करते हुए पांच वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।गिरफ्तार वारंटियों में आशीष, बिजेंद्र, नितेश कुमार, दीपक तथा पवन शामिल हैं, जिनके खिलाफ विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। पुलिस टीम कार्रवाई में उपनिरीक्षक समीप पांडेय, अपर उपनिरीक्षक गंभीर तोमर, अपर उपनिरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा, हेड कांस्टेबल बृजमोहन सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत, संगठन की मजबूती पर जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऋषिकुल स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी के कार्यालय पर यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अंकुर सैनी, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) गौरव चौहान, रानीपुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सौरभ सैनी, मायापुर ब्लॉक उपाध्यक्ष वंश सौदाई, महानगर उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर व सार्थक ठाकुर तथा कनखल ब्लॉक अध्यक्ष यश शर्मा को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और मनोज सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ईमानदार, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का



प्रचार-प्रसार करें और भाजपा सरकार की नाकामियों से लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने आगामी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने की सलाह देते हुए कहा कि यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी अपने बीएलए के सहयोग से संबंधित बीएलओ से समन्वय बनाकर निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार कराने में ईमानदारी से कार्य करें। संजय सैनी और विकास चंद्रा ने कहा कि राजनीति को सेवा का माध्यम मानकर काम करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया और महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अपराध जैसे मुद्दों को जनता के बीच मजबूती से उठाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष विशाल प्रधान, निखिल सौदाई, रिंकू, आलोक कुमार, अनंत पांडे, सागर बेनीवाल, पवन गुप्ता, समर्थ अग्रवाल, दीपक कोरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध असलाह रखने वाले युवक को धरदबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार को सफल बनाने के अंतर्गत ताबड़तोड़ कार्रवाई में एक युवक को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

मंगलवार देर शाम को पथरी पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत अवैध असलाह रखने वाले शादी पार्टी में हथियार लहराने वालो पर पथरी पुलिस लगातार कार्यवाई कर रही है। इस क्रम में मंगलवार देर शाम को रूटीन चौकिंग के दौरान इक्कड़ रोड पुल के पास से एक युवक को अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया मगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को धरदबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शोएब पुत्र इस्तकार निवासी इब्राहिमपुर बताया आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत एक युवक को अवैध देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में बिल्वकेश्वर रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती निवासी ममता ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति जितेंद्र कुमार तीन अप्रैल की शाम स्कूटी से जगजीतपुर की ओर जा रहे थे। राजकीय आईटीआई के पास पीछे से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जितेंद्र कुमार को गंभीर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें मेला अस्पताल पहुंचाया। बाद में उनकी हालत को देखते हुए आगे उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां छह अप्रैल को लक्सर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनके पैर के कुल्हे का ऑपरेशन किया गया। एसएचओ देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# युवक पर फर्जी चेक देने का मुकदमा दर्ज

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा निवासी एक युवक को उधार के पैसे न लौटाना महंगा पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, वाजिम पुत्र नूरहसन निवासी धनपुरा ने आवश्यकता के चलते गांव के ही राजा पुत्र नसीम को उधार पैसे दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब आरोपी ने पैसे वापस नहीं किए, तो उसने भुगतान के लिए एक चेक दे दिया। निर्धारित तिथि पर जब चेक बैंक में लगाया गया, तो वह फर्जी पाया गया और आरोपी के खाते में पर्याप्त धनराशि भी नहीं थी। आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने न केवल पैसे देने से इनकार कर दिया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी राजा उर्फ वकील पुत्र नसीम निवासी धनपुरा के खिलाफ फर्जी चेक समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

# वादों में उलझी सड़क, चार साल बाद भी सराय की गली बदहाल

## बिलाल मस्जिद के सामने गली में चार साल पहले मिला था आश्वासन, अब तक नहीं हुआ निर्माण

**बारिश में जलभराव से ठप हो जाता है आवागमन' न लाइट, न सफाई, बीमारियों का बढ़ रहा खतरा'**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर से सटे ग्राम सराय में विकास के वादे कागजों तक सिमटकर रह गए हैं। बिलाल मस्जिद के सामने स्थित गली में चार साल पहले सड़क निर्माण का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक हकीकत में एक ईंट भी नहीं लग सकी। नतीजतन करीब 20 परिवार आज भी बदहाल रास्ते और जलभराव की समस्या से जूझने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2022 में ग्राम प्रधान ने सड़क



निर्माण, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का वादा किया था। इसके बाद कई बार शिकायत करने पर भी हर बार आश्वासन ही मिला, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। अब कार्यकाल समाप्ति की ओर है, फिर भी गली की हालत जस की तस बनी हुई है। गली में सड़क न होने के कारण हल्की बारिश में ही जलभराव हो जाता है। कीचड़ और गंदगी से रास्ता पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय निवासी फरमान, इनाम, अशरफ, अकरम, वसीम अंसारी, अहसान, फैजान और मेहरबान का कहना है कि इस समस्या से सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। गली में न तो पथ प्रकाश की व्यवस्था है और न ही नियमित सफाई होती है। आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने से हालात और भी खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला। फिलहाल इस मामले में ग्राम प्रधान का पक्ष नहीं मिल सका है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब तक ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए यूं ही परेशान होते रहेंगे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के रोशनाबाद इलाके में एक युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि बुधवार की सुबह शनि मंदिर के पास एक युवक के फांसी लगाने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जांच में मृतक की शिनाख्त बनारसी (22) पुत्र विमलेश निवासी ग्राम लगेंश्वर बिघाह, थाना अकोड़ी गोला, जिला रोहतास बिहार के रूप में हुई। बताया कि बनारसी अपने भाई इंद्र कुमार के साथ रोशनाबाद में किराये के मकान में रह रहा था। सुबह जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके भाई को शक हुआ। करीब आठ बजे उसने कमरे में लगे कैमरे की जांच की तो बनारसी फांसी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। एसओ ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# ब्राह्मण समाज के संगठनों की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की बैठक रानीपुर मोड़ स्थित होटल में आयोजित की गयी। बैठक में अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति, उत्तराखण्ड ब्राह्मण सभा, जनपदीय ब्राह्मण सभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद्, ब्राह्मण जागृति संस्था, श्री अखंड परशुराम अखाड़ा के प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राह्मण समाज के सम्मान की रक्षा तथा समाज के प्रति दुर्भावनापूर्ण एवं द्वेषपूर्ण कृत्यों का संगठित रूप से विरोध और समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज संयुक्त मंच का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पं.पद्म प्रकाश शर्मा एवं पंडित अधीर कौशिक ने ब्राह्मण समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित रहने की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि विखंडन की स्थिति समाज की शक्ति को कमजोर करती है। बालकृष्ण शास्त्री ने देश में लागू की जा रही विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक नीतियों पर चिंता व्यक्त की। यूजीसी से जुड़े हालिया प्रावधानों और नीतियों का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और समान अवसर की भावना के विपरीत हैं। ऐसे किसी भी निर्णय को लागू करने से पूर्व व्यापक स्तर पर संवाद और समीक्षा की जानी चाहिए। बैठक का संचालन करते हुए अरूण कुमार शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज संयुक्त मंच के माध्यम से समय समय पर सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही समाज के युवाओं को संगठित कर उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में डा.अजय वशिष्ठ, शिवकुमार शर्मा, संजय शर्मा, विजयेन्द्र पालीवाल, शैलेन्द्र त्रिपाठी, राजीव शर्मा, विवेक कौशिक, शुभाशीष देवनाथ, ऋषी शर्मा, राजीव राय, जितेन्द्र कुमार शर्मा, अविनाश शर्मा, शम्भू प्रसाद पंत, अमित कुमार शर्मा, सचिन पालीवाल आदि मौजूद रहे।

# गोतस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 7 आरोपियों पर शिकंजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र में गौ तस्करी और पशु क्रूरता के मामलों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 7 आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने धारा 129 बीएनएसएस के अंतर्गत यह कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपित पहले से ही गौकशी, गौ मांस तस्करी और पशुओं के साथ क्रूरता जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त रहे हैं। इनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस लगातार इन पर नजर बनाए हुए थी। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बहादराबाद के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए इन अपराधियों पर शिकंजा कसा। आरोपितों के खिलाफ गौवंश संरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत चालानी रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में भेजी जा रही है।

पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करना और गौ तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# जीआरपी बैठक में अपराध नियंत्रण व यात्रियों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जीआरपी उत्तराखंड की अपराध गोष्ठी रानीपुर स्थित मुख्यालय सभागार में आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक जीआरपी अरुणा भारती ने बैठक में अपराधों की समीक्षा के साथ-साथ लंबित मामलों के निस्तारण, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। आगामी चारधाम यात्रा व कुंभ मेले को लेकर रणनीति तैयार की गई।

सीसीटीएनएस/शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात महिला हेड कांस्टेबल सीता पाण्डेय को मार्च माह का एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ घोषित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके बाद एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि बीट बुक एप के माध्यम से चल रहे सत्यापन अभियान को तेज किया जाए और अधिक से अधिक लोगों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना और शाखा स्तर पर नियमित मासिक बैठकें आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने, वांछित व इनामी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र



बरामदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने विशेष रूप से वर्ष 2025 से लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा। रेलवे स्टेशनों पर बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की मदद से त्वरित जांच करने और ट्रेनों में एस्कॉर्ट ड्यूटी को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। साथ ही 'पुलिस आपके द्वार' अभियान के तहत यात्रियों को जहरखुरानी और टिकट धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे।


# कार्यालय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति हरिद्वार यूनियन, हरिद्वार

पत्रांक : 14 दिनांक : 08-04-2026

**स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत दुकानों के पंजीकरण हेतु सूचना**

कृषि उत्पादन मंडी समिति, हरिद्वार यूनियन, हरिद्वार के मंडी स्थल में 'सी' श्रेणी की दुकानों का स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निर्माण प्रगति पर है। अतः कृषि उत्पादन मंडी समिति, हरिद्वार यूनियन, हरिद्वार से लाइसेंस प्राप्त फल-सब्जी के दुकानों विहीन लाइसेंसधारी थोक व्यापारियों, आढ़तियों तथा थोक व्यापारी एवं आढ़तियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 21.04.2026 तक निर्धारित प्रार्थना पत्र पूर्ण रूप से भर कर, रु0 30,000.00 (रु0 तीस हजार मात्र) पंजीकरण शुल्क तथा देय जी0एस0टी0 रु0 5,400.00 अर्थात कुल धनराशि रु0 35,400.00 (रु0 पैंतीस हजार चार सौ मात्र)समिति कार्यालय में नकद अथवा बैंक ड्रा0 के माध्यम से जमा करा दें। स्ववित्त पोषित योजना का आवेदन पत्र का प्रारुप रु0 5,000.00 तथा देय जी0एस0टी0 900.00 कुल 5900.00 (रु0 पांच हजार नौ सौ मात्र) नकद भुगतान पर किसी कार्यदिवस में समिति कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी व्यापारी का प्रार्थना पत्र एवं पंजीकरण शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**सचिव** **अध्यक्ष/नगर मजिस्ट्रेट**



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# पुलिस कर्मी व आम लोगो को वाहन से टक्कर मारकर भागने वाले चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** रात्रि चौकिंग के दौरान ड्यूटी पर नियुक्त पुलिसकर्मी तथा एक अन्य व्यक्ति को वाहन से टक्कर मारकर फरार हुए 4 व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना में शामिल एक अन्य व्यक्ति के घायल होने पर पुलिस द्वारा उसे अस्पताल में कराया भर्ती। चौकिंग के दौरान पुलिस द्वारा रोके जाने पर अभियुक्तों द्वारा अपने वाहन से पुलिसकर्मी व एक अन्य व्यक्ति को मारी थी टक्कर।



पुलिस से बचकर भागने के प्रयास में आरोपियों का वाहन बल्लीवाला फ्लाई ओवर के पास हो गया था दुर्घटनाग्रस्त। आपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी देहरादून के निर्देशो पर सम्पूर्ण जनपद में चलाये जा रहे सघन चौकिंग अभियान के दौरान बीती देर रात्रि विकासनगर पुलिस द्वारा डाकपत्थर तिराहे के पास हरबर्टपुर की ओर से तेजी आ रही एक काले रंग की हरियाणा नम्बर की संदिग्ध कार संख्या एचआर-87-पी-6040 को चौकिंग हेतु रूकने का इशारा किया तो कार चालक वाहन को न रोकते हुए और अधिक तेज गति से पुल नम्बर 1 की ओर भगा ले गया। जिसकी सूचना कंट्रोल रूम के माध्यम से तत्काल सभी चौक पोस्टों को प्रसारित की गयी, कुछ समय पश्चात पुलिस को उक्त कार के धनवंतरी चौक से कैनाल रोड की तरफ जाने वाली सड़क पर खडे होने तथा उक्त कार सवार व्यक्तियों द्वारा वहां पर भी हंगामा मचाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल थाना विक. ासनगर से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मौके पर पुलिस द्वारा उक्त संदिग्ध कार सवार व्यक्तियों से पूछताछ का प्रयास किया गया तो कार चालक द्वारा वाहन को तेजी से बैक करते हुए सरकारी वाहन को टक्कर मार दी तथा मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी के ऊपर गाडी चढ़ाते हुए उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया, इस दौरान एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा कार सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवार उक्त व्यक्ति को भी टक्कर मारते हुए तेजी से मौके से फरार हो गये। मौके पर गम्भीर रूप से घायल पुलिसकर्मी तथा उसे बचाने के प्रयास में घायल हुए एक अन्य व्यक्ति को तत्काल उपचार हेतु लेहमन हास्पिटल विकासनगर ले जाया गया तथा फरार वाहन के सम्बन्ध में कंट्रोल रूम तथा व्हाट्सअप के माध्यम से सूचना सर्कुलेट की गई, जिस पर वाहन के सिटी की ओर भागने तथा कुछ समय पश्चात उक्त वाहन के बल्लीवाला फ्लाई ओवर के पास दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसमें चालक सहित 2 लोग सवार थे, दुर्घटना में वाहन चालक को चोटें आई, जिसे उपचार हेतु पुलिस द्वारा सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा वाहन सवार दूसरे व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि वाहन सवार 3 अन्य व्यक्ति दुर्घटना के बाद रास्ते उतरकर भाग गये थे, जिनके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए पुलिस द्वारा वाहन सवार व्यक्ति सहित 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

घटना के सम्बन्ध में कोतवाली विकासनगर में मुकदमा दर्ज किया गया। सभी अभियुक्तों के मेडीकल में उन सभी के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार किए व्यक्तियों में साहिल पुत्र आनन्द सिंह निवासी टीचर कॉलोनी डाकपत्थर कोतवाली विकासनगर, आयुष पुत्र मूसा मसीह निवासी पहाडीगली मार्टेंडेल, थाना विक. ासनगर, अंशुल चौहान पुत्र दिलीप चौहान निवासी जीवनगढ कोतवाली विकासनगर, स्थायी निवासी हयब टकरी, थाना चकराता, प्रियांशु पुत्र पूरन सिंह निवासी बामनवाला हरिपुर, कालसी जिला देहरादून शामिल है। अस्पताल में उपचाराधीन वाहन चालक:- 'गौरव चौधरी पुत्र सुधीर चौधरी निवासी निवासी नई कॉलोनी, निकट गोगामाडी मंदिर डाकपत्थर, कोतवाली विकासनगर शामिल हैं।

# महाविद्यालय चकराता में पीएम इंटर्नशिप योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय महाविद्यालय चकराता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रभावी ऑनलाइन उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गूगल मीट के माध्यम से संपन्न इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. आशुतोष शरण ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहा. रिक अनुभव और कौशल विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त मंच बताते हुए कहा कि यह योजना उन्हें वास्तविक कार्यस्थल से जोड़कर आत्मनिर्भर और रोजगार के लिए तैयार करती है।

मुख्य वक्ता डॉ. सुदिप्ता कण्डारी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए पंजीकरण प्रक्रिया, प्रोफाइल निर्माण एवं इंटर्नशिप आवेदन की पूरी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर डॉ. शैलजा रावत ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान कर उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करती है। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप से मिलने वाला अनुभव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनके करियर को नई दिशा देने में सहायक होता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण भी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का धरना जारी

**नई टिहरी।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। विभिन्न संगठनों द्वारा धरने को समर्थन दिया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संगठन व ठेकेदार संघ टिहरी ने भी महासंघ को अपना समर्थन दिया। महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वह बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ठेकेदार संगठन और जिला पंचायत सदस्य संगठन टिहरी के प्रतिनिधियों ने कहा कि हड़ताल के चलते आवश्यक सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नई टिहरी स्थित लोनिवि निरीक्षण भवन में महासंघ का धरना-प्रदर्शन सोमवार को 17 वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रही इस हड़ताल का असर अब विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। आवश्यक सेवाओं के विभागों के अभियंता भी धरने में शामिल हो रहे हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। आंदोलन के कारण चारधाम यात्रा की तैयारियां, हाट मिक्स कार्य, रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। महासंघ ने प्रथम और द्वितीय चरण के आंदोलन के बाद 23 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी, जो अभी तक जारी है। इस मौके पर शाखा सचिव सतीश भट्ट, आशीष मित्तल, राजेंद्र सोढ़ी, अंकित कुमार सैनी, स्वाति चौहान, दुर्गेश कुमार, आरती तोपवाल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रभारी की हरियाणा में गुटबाजी जगजाहिर :चमोली

**■ कांग्रेसी दावे शिगूफा, वहां तो भीष्म पितामह ही कौरवों पर टूट पड़े**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस के दावों को शिगूफा बताते हुए कहा कि, वहां तो राजनैतिक अवकाश पर गए भीष्म पितामह ही कौरवों पर टूट पड़े हैं, पहले वे आपस में निपट लें। पार्टी विधायक और प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कांग्रेस प्रभारी के दौरे पर भी तंज किया कि उन्होंने हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी का जो हाल किया, उसे देखते हुए राज्य में भी वो भाजपा को कुछ न कुछ देकर ही जाएंगी। वहीं व्यंग किया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के लिए कांग्रेस पार्टी एक



पारिवारिक प्लेसमेंट एजेंसी है और उनका राजनैतिक अवकाश भी दबाव की राजनीति का हिस्सा है। पार्टी मुख्यालय में मीडिया द्वारा पूछे गए कांग्रेस के ज्वाइनिंग दावों को उन्होंने शिगूफा बताते हुए हवा में उड़ा दिया। कहा कि जिस तरह लगातार बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता पार्टी छोड़ कर गए हैं, उससे घर बचाने की कयावद में कांग्रेस नेता शिगूफे छोड़ रहे हैं। जिनको वे भाजपा का नेता बताकर, पार्टी में शामिल कर माहौल बनाने की को. शिश कर रहे हैं। वे सभी तो पिछले चुनाव में ही भाजपा से निकल गए थे और आज कहीं भी सक्रिय नहीं है। जबकि सच यह है कि कांग्रेस पार्टी के लिए अब अपने नेताओं को रोके रखना असंभव हो रहा है

उन्होंने हरीश रावत को लेकर सवाल के जवाब में तंज किया कि वे तो कांग्रेस पार्टी के पितामह हैं और अब पितामह ही खुद कौरवों पर टूट पड़े हैं। ये कौरव सेना तो पितामह के संरक्षण में ही राजनीति करती आई है। ऐसे में पहले कौरवों को यह तय करना है कि वे पितामह से कैसे बचें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हरीश रावत तो राजनीतिक अवकाश पर होते हुए भी सबसे अधिक राजनीति कर रहे हैं। दरअसल वे दबाव की राजनीति के बड़े खिलाड़ी हैं।

वही कांग्रेस प्रभारी के उत्तराखंड दौरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी हरियाणा में कांग्रेस पार्टी गुटबाजी में भूमिका किसी से छिपी नहीं है। पूरे विधानसभा चुनाव तो कांग्रेस नेतृत्व उन्हें मनाने में ही लगा रहा और बुरी तरह से चुनाव हारे।

लिहाजा उनके आने से कांग्रेस में जारी आपसी सिर्फ फुटौव्वल और तेज हो होना तय है। नहीं आने पर बार-बार टोके जाने के बाद वे उत्तराखंड आ रही हैं ऐसे में हमें विश्वास है कि कुछ ना कुछ वह भाजपा को देकर ही जाएंगी

# बार एसोसोसिएशन के विभिन्न पदों पर पांच ने किया नामांकन, चुनाव 10 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला बार एसोसिएशन टिहरी के वार्षिक चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई।

जिसमें अधिवक्ताओं की ओर से विभिन्न पदों पर नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

चुनाव अधिकारी आनंद प्रकाश सेमल्टी व सहायक चुनाव अधिकारी अरविंद सिंह खरोला ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा व जयबीर सिंह रावत, उपध्याक्ष पद पर दिनेश चंद्र उनियाल व सावन सिंह कैंतुरा, सचिव पद पर चंद्रभान सिंह राणा, सह सचिव पद पर कविता भट्ट, कोषाध्यक्ष पद पर पवना और आडिटर पद पर प्रेम सिंह बनगांई ने अपने नामाकंन पत्र दाखिल किए हैं। जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कोई भी नामांकन नहीं हुआ है। बताया कि 8 अप्रैल, बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे दिन तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

9 अप्रैल, गुरूवार को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक नाम वापसी का समय नियत किया गया है। वहीं, 10 अप्रैल, शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा, जबकि शाम साढ़े 3 बजे के बाद मतगणना व परिणामों की घोषणा की जाएगी।

# अप्रैल में लौटी दिसम्बर जैसी ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र में बीती रात से लगातार हो रही बारिश ने जौनसार-बावर में एक बार फिर दिसंबर जैसी ठंड का अहसास करा दिया। बुधवार को चकराता की ऊंची पहाड़ियों पर हुई बर्फबारी से ठंड अचानक बढ़ गई और जनजीवन प्रभावित होता नजर आया।



**■ चकराता की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन**

बर्फबारी और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। चकराता छावनी क्षेत्र के बाजारों में भी इसका असर साफ देखने को मिला, जहां दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। ठंड से बचने के लिए व्यापारी आग, हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। अचानक बढ़ी ठंड के कारण बाजार में ग्राहकों की आवाजाही कम रही, जिससे व्यापारियों को मंदी का सामना करना पड़ा। स्थानीय देवेंद्र सिंह चौहान, केशर सिंह चौहान आदि का कहना है कि अप्रैल माह में इस तरह की ठंड और बर्फबारी ने सर्दियों की याद ताजा कर दी है। मौसम के इस बदले मिजाज ने एक ओर जहां प्राकृतिक सौंदर्य को निखारा है, वहीं दूसरी ओर लोगों की दिनचर्या पर भी खासा असर डाला है।

# स्वच्छता सप्ताह के तहत पालिका विकासनगर ने चलाया स्वच्छता अभियान

**■ कई स्थानों पर सफाई कर लोगो को किया गया जागरूक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शहरी विकास निदेशालय देहरादून के दिशा निर्देशों के क्रम में नगर पालिका परिषद विकासनगर द्वारा स्वच्छता सप्ताह 13 अप्रैल तक किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत पालिका बाजार व पालिका बाजार के पीछे 12 फीटा रोड पर स्थित नाली, नालों की साफ सफाई करते हुए सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को अपने घरों से निकलने वाला गीला कूड़ा, बचा खाना, सब्जी, छिलके आदि सूखा कूड़ा, पेपर प्लास्टिक बोतल रद्दी आदि को अलग देने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पालिका अधिशासी अधिकारी बीपी भट्ट, सफाई निरीक्षक पवन कुमार, स्वयंसेवी राजकुमार जैन, सफाई सुपरवाई सुभाष, सुरेंद्र तोमर, समस्त पर्यावरण मित्र द्वारा अभियान में प्रतिभाग किया।

# मदननेगी में इसी सत्र में शुरू होगा केवी का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्रीय विद्यालय संगठन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टिहरी जनपद में प्रतापनगर क्षेत्र के उपत. हसील मदन नेगी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को हरी झंडी दे दी है। यह विद्यालय इसी शिक्षण सत्र 2026-27 से संचालन प्रारंभ करेगा। अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन दीपेश गहलोत की ओर से केंद्रीय विद्यालय मदन नेगी को स्वीकृति प्रदान की गई थी। जनपद टिहरी के नए केंद्रीय विद्यालय भूमि और अस्थायी भवन की औपचारिकताएं पूरी कर इस विद्यालय के संचालन के लिए आवश्यक भूमि संबंधित प्रायोजक प्राधिकरण ने केंद्रीय विद्यालय संगठन को हस्तांतरित कर दी थी। साथ ही विद्यालय के प्रारंभिक संचालन के लिए अस्थायी भवन को भी उपयुक्त पाया गया है। इन आवश्यक शर्तों के पूरा होने के बाद विद्यालय को तत्काल प्रभाव से शुरू करने की अनुमति दी गई है जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्र के लिए यह बड़ी सौगात है। इस नए केंद्रीय विद्यालय के खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। खासकर दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को अब केंद्रीय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। बता दें कि यह केंद्रीय विद्यालय उप तहसील मदन नेगी, पट्टी धारमण्डल के ग्राम जलवाल गांव मल्ला, डाकघर मदन नेगी में संचा. लित होगा। प्रारंभिक कक्षाएं और भविष्य की योजना के तहत विद्यालय की शुरुआत कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई से होगी, जिसमें प्रत्येक कक्षा में एक-एक अनुभाग संचालित किया जाएगा। भविष्य में आवश्यकतानुसार और स्वीकृति के आधार पर विद्यालय का विस्तार किया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी के प्राचार्य व नोडल अधिकारी प्रदीप चंद्र थपलियाल ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्रवेश प्रक्रिया और भूमि व अस्थायी भवन से जुड़ी सभी शेष औपचारिकताएं 30 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएंगी

# गुमशुदा महिला को सेलाकुई पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर किया बरामद

**■ महिला को किया गया उनके परिजनों सुपुर्द**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने सेलाकुई क्षेत्र से गुमशुदा महिला को 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद किया। पुलिस ने महिला को उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

सेलाकुई निवासी भूपेश मिश्रा निवासी तेलपुरा राधाकृष्ण वाटिका राजारोड देहरादून द्वारा अपनी पत्नी उम्र 43 वर्ष के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में थाना सेलाकुई पर तहरीर दी जिसके आधार पर थाना सेलाकुई पर तत्काल गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत गुमशुदा की तलाश हेतु तत्काल थाना सेलाकुई पर टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा गुमशुदा महिला के घर तथा उसके आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चौक किया गया तथा महिला के रिश्तेदारों व अन्य परिर. चतों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही व अथक प्रयासों से पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में अ०उ०नि० उमेद सिंह, हे०कां० नीरज शुक्ला, सिपाही बृजेश, अश्वनी, अमित शामिल रहे।

# जिले के दूरस्थ गांव गंगी में स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देश पर जिला न्यायाधीय एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढवाल नितिन शर्मा के मार्ग निर्देशन में जिले के दूरस्थ गांव गंगी स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह दी।

**■ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित किया शिविर**

इस दौरान ग्रामीणों का ब्लड प्रेसर, शुर, आंख, नाक, कान आदि की जांच की गई।

इस अवसर पर सचिजिला विधिक प्राधिकरण सेवा आलोक. राम ने ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक किया और बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ कैसे उइाया जा सकता है। स्वच्छता, पोषण और नियमित सवास्थ्य जांच के महत्व पर पर भी विशेष जोर दिया गया। सचिव ने ग्रामीणों को अन्य कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाए हैं। इस संबंध संबंध में प्राधिकरण के सचिव द्वारा उपस्थित चिकित्सा टीम को ग्रामीणों के आवेदनों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रिटेनर अधिवक्ता राजपाल सिंह मियां द्वारा विधिक सेवा की कार्यप्रणाली व निशुल्क सवास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने को कहा; इस मौके पर प्रधान अंगौरा देवी, अनीता देवी, अनीता कोटनाला, मीनाक्षी देवी सहति बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जांच अधिकारी किया नामित

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बीती 2 अप्रैल को जिले के विकासखंड थौलधार के ग्राम पंचायत नकोट में बगदीरीखाल तोक में भालू के हमले की घटना का संज्ञान लेते हुए परगना मजिस्ट्रेट टिहरी को जांच अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने परगना मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कर जांच आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में परगना मजिस्ट्रेट ने आमजनमानस से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त घटना से संबंधित कोई जानारी हो तो वह 14 अप्रैल तक उनके कार्यालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर अपने लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने कहा कि संबंधित जानकारी डाक के माध्यम से भी कार्यालय को प्रेषित की जा सकती है।

# जनगणना 2027 को लेकर 15 अप्रैल से स्वगणना

**■ 25 अप्रैल से घर-घर होगा सर्वे शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस संबंध में जनगणना निदेशालय द्वारा सभी जनपदों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से आम नागरिकों के लिए स्वगणना (ैमसि म्दनउमतंजपवद) का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि स्वगणना की प्रक्रिया 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक, कुल 10 दिनों के लिए खुली रहेगी। इस दौरान नागरिक स्वयं अपने मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि स्वगणना अवधि समाप्त होने के पश्चात 25 अप्रैल से 24 मई तक जनगणना कर्मी घर-घर जाकर मकानों की गणना एवं सूचीकरण का कार्य पूरा करेंगे। साथ ही, जनपद के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा स्वगणना प्रक्रिया को मीडिया कवरेज के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके। अपर जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य में नियुक्त सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनगणना निदेशालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करना सुनिश्चित करें।

# डाकपत्थर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पंजीकरण प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया।

इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को 9,000 प्रतिमाह वित्तीय सहायता तथा जॉइनिंग पर 6,000 का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा। इंटर्नशिप की अवधि 6 से 9 माह निर्धारित की गई है। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष



एवं स्किल प्रोग्राम की नोडल अधिकारी डॉ. पूजा राठौर ने जानक. ारी देते हुए बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में इंटर्नशिप का अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जो उन्हें भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी.एस.नेगी ने भी छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्राध्यापकों द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई गई, जिनमें डॉ. विजय बहुगुणा, डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान, डॉ. पूजा पालीवाल, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रीना ठाकुर, डॉ. योगेश भट्ट एवं डॉ. रूचि बहखुण्डी शामिल रहे। सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों के विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व आशा व्यक्त की कि इस योजना के माध्यम से अधिकाधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और अपने करियर को नई दिशा प्रदान करेंगे।

# टीमा में सैनिक सम्मान समारोह आज

**■ तैयारियों का सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को खटीमा पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पिता स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी की पुण्यतिथि पर 09 अप्रैल को आयोजित होने वाले सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम स्थल पर



व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियों और व्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच, सुरक्षा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर अर्जुन सिंह, जिला प्रशासन के संबंधित विभागीय अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**NOTICE**

I Savaratkar Poonam Dhanaji My Husband Army No 15815924Y Hav Savaratkar Dhanaji, Unit 217 FD Wksp Coy Dehradun Pin 248003. My Name Savaratkar Poonam Dhanaji Has Been Wrongly Entered In My Husband Army Record Correct Name Is Poonam Dhanaji Savaratkar As Per Adhar Card, It Should Be Updated.

**NOTICE**

I Anamika My Husband Army No 14668148L CHM Bablu Singh, Unit 217 FD Wksp Dehradun, Pin 248003. My Name Anamika Has Been Wrongly Entered In My Husband Army Record, Correct Name Is Anamika Saini, It Should Be Updated.

### कैप मिशन मोड में मातृ मृत्यु दर घटाने की पहल

# हर गर्भवती महिला तक समय पर पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं:कुर्वे

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में मातृ मृत्यु दर (डडत) को कम करने के उद्देश्य से व्यापक रणनीति के तहत लगातार समीक्षा और सख्त मॉनिटरिंग की जा रही है। सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे द्वारा बीते एक सप्ताह से राज्य के सभी जनपदों की गहन समीक्षा की जा रही है ताकि जमीनी स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।



■ सचिव स्वास्थ्य ने दिया संस्थागत प्रसव और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर

**जमीनी स्तर की समीक्षा से तैयार हो रही रणनीति**

सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में पहली बार फील्ड स्तर की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एएनएम को भी जोड़ा गया। बैठक में विशेष रूप से हरिद्वार और पौड़ी जनपद की एएनएम ने सहभागिता कर जमीनी अनुभव साझा किए और ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों की जानकारी दी।

बैठक के दौरान सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार सतत विकास लक्ष्यों (ैक्ळ) के अनुरूप मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इसके लिए संस्थागत प्रसव को मजबूत बनाना, गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा प्रत्येक गर्भवती महिला तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**शून्य होम डिलीवरी का लक्ष्य**

समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ टीबी उन्मूलन कार्यक्रम और च्ब्च्छक्ज अधिनियम के क्रियान्वयन की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य में शून्य होम डिलीवरी और शून्य रोकी जा सकने वाली मातृ मृत्यु सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों को मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में घरों पर प्रसव की घटनाएं अधिक हैं, वहां जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को स्वयं फील्ड विजिट कर एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. रश्मि पंत, सहायक निदेशक डॉ. अमलेश, सहायक निदेशक डॉ. उमा रावत, संबंधित जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित डॉ. नितिन अरोड़ा (सीनियर कंसल्टेंट) भी उपस्थित रहे।

**गर्भवती महिलाओं की सटीक ट्रैकिंग पर जोर**

बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की सटीक लाइन लिस्टिंग और म्क्क आधारित ट्रैकिंग अनिवार्य रूप से की जाए। इसके साथ ही समयबद्ध कॉलिंग और फॉलो-अप के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी महिला स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रह जाए। सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे ने 102 और 108 एम्बुलेंस सेवाओं के साथ विभागीय वाहनों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क और समयबद्ध पिकअप एवं ड्रॉप सुविधा को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

### एक नजर .......

## सीएम धामी से मिले ओबीसी आयोग के उपाध्यक्ष अशोक वर्मा

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की और उनका आभार व्यक्त किया। अशोक वर्मा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व भाजपा शीर्ष नेतृत्व का भी आभार जताया। पार्टी ने जो उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है उस दायित्व को वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। वर्मा ने यह भी कहा कि उनके विभाग से संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर दिलाने का पुर जोर प्रयास किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की और से पिछड़े वर्ग के लिए दी जा रही सुविधाओं को पिछड़े वर्ग के लोगों तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

## विशाल के युवा कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने पर धीरेंद्र प्रताप ने दी बधाई

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने युवा कांग्रेस के चुनाव में विशाल सिंह भोजक के अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने विशाल सिंह के अलावा अन्य पदों पर चुने गए युवा नेताओं को भी बधाई देते हुए उम्मीद जाहिर की है कि उनके सहयोग से राज्य में युवा कांग्रेस के झंडे तले बड़े पैमाने पर युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुराने अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर ने काफी मेहनत की थी और उनका विश्वास है नए अध्यक्ष नए उत्साह के साथ युवा कांग्रेस को आगे ले जाएंगे।

# केदारनाथ यात्रा शुरू होने से पहले व्यापारियों का ऐलान

■ मांगें पूरी न होने पर प्रतिष्ठान बंद रखने की चेतावनी, केदारधाम होटल ऑनर्स एसोसिएशन की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**रुद्रप्रयाग।** केदारधाम होटल ऑनर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा व्यवस्थाओं और स्थानीय व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए, जिनका सीधा संबंध आगामी केदारनाथ यात्रा से है। बैठक में एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कई बार शासन-प्रशासन को यात्रा में निर्धारित सीमित संख्या की बाध्यता समाप्त करने तथा सड़कों के सुधारीकरण एवं डामरीकरण की मांग से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्णय लिया गया कि यदि यात्रा शुरू होने से पहले कोई स्पष्ट सरकारी आदेश जारी नहीं किया गया, तो यात्रा अवधि के दौरान होटल स्वामी एवं घोड़ा-खच्चर संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। बैठक में यात्रा के दौरान आवश्यक संसाधनों पर भी चर्चा की गई। अनुमान जताया गया कि गुप्तकाशी से केदारनाथ मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 1200 गैस सिलेंडरों की आवश्यकता होगी, जिसके लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। सीतापुर पार्किंग के संचालन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। तय किया गया कि पार्किंग संचालक यात्रियों के लिए नि:शुल्क बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। साथ ही, पार्किंग क्षेत्र में किसी प्रकार का शुल्क लेकर बिस्तर नहीं लगाए जाएंगे और मोबा. इल चार्जिंग के लिए 50 का शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में एसोसिएशन एवं स्थानीय लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि केदारधाम क्षेत्र में सभी प्रतिष्ठानों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सायं 6 बजे के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ और केदारनाथ से गौरीकुंड के बीच यात्रा पूरी तरह प्रतिबंधित रखने का निर्णय लिया गया।

## शामा में भूख हड़ताल जारी

**बागेश्वर।** शामा क्षेत्र में शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन तेज हो गया है। आंदोलन स्थल पर नंदन सिंह की भूख हड़ताल लगातार जारी है, जिसे क्षेत्र के लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के लोगों का एक शिष्टमंडल जिला पंचायत सदस्य विजया गोस्वामी के नेतृत्व में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मिला और उन्हें दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जल्द से जल्द शामा से शराब की दुकान हटाने की मांग दोहराई गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह मांग पहले भी कपकोट में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में उठाई जा चुकी है तथा एक अप्रैल से भूख हड़ताल शुरू करने की पूर्व सूचना प्रशासन को दे दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महीने पहले ताला. बंदी के बाद प्रशासन ने एक माह के भीतर दुकान हटाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# दून में सीपीआईएम ने किया जोरदार दर्शन

■ भू-माफिया-पुलिस गठजोड़ पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** भू-माफियाओं और पुलिस की कथित मिलीभगत के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गोल्डन फॉरेस्ट की भूमि को कूटरचित बैनामों के जरिए हड़पने और एनएच-72 के मुआवजे में गड़बड़ी के मामलों में कार्रवाई के बजाय आंदोलन से जुड़े नेताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी कुमकुम जोशी ने ज्ञापन प्राप्त किया। उन्होंने पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए 14 अप्रैल के बाद जिलाधिकारी से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। सीपीआई(एम) ने प्रशासन से मांग की है कि गोल्डन फॉरेस्ट से जुड़े सभी संदिग्ध और कूटरचित बैनामों को निरस्त किया जाए तथा मामले में शामिल सभी आरोपियों केखिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।




**फर्जी बैनामों से जमीन कब्जाने का आरोप**

सीपीआई(एम) नेताओं का आरोप है कि वर्ष 2021 में एनएच-72 के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भू-माफियाओं ने सुनियोजित तरीके से खसरा संख्या 641 और 637 समेत कई जमीनों पर फर्जी बैनामे कराए। इन जमीनों का संबंध पहले गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी से बताया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि जांच में कई दस्तावेज संदिग्ध पाए गए, लेकिन राजनी. तिक संरक्षण के चलते आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे, मामले को उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं के खिलाफ ही मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

**मुआवजा हड़पने और काश्तकारों को परेशान करने का आरोप**

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भू-माफिया गिरोह ने अवैध दस्तावेजों के आधार पर सरकारी मुआवजा लेने की कोशिश की और असली काश्तकारों को धमकाया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों और आंदोलनकारियों को झूठे मामलों में फंसाकर दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शन को पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य कामरेड राजेंद्र पुरोहित, राज्य सचिव, जिला सचिव शिवप्रसाद देवली, देहरादून सचिव अनंत आकाश समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

# यमुनोत्री विधायक के भाजपा ज्वाइन करने की चर्चाओं से पार्टी में घमासान

■ यमुनोत्री में सियासी हलचल तेज, भाजपा में अंदरूनी घमासान के संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी 2027 विधानसभा चुनाव से पहले यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में सियासी सरगर्मी तेज होती जा रही है। सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर संभावित दलबदल और टिकट की दावेदारी को लेकर घमासान की स्थिति बनती दिख रही है।

चर्चाओं का बाजार गर्म है कि यमुनोत्री क्षेत्र के मौजूदा विधायक जल्द भाजपा का दामन थाम सकते हैं। हालांकि मौजूदा यमुनोत्री विधायक ने संवाददाता को कोई संकेत नहीं दिए।

लेकिन सूत्रों की मानें तो विधायक के साथ तीन अन्य नेताओं की भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई है। यदि ऐसा होता है तो पार्टी के भीतर पहले से सक्रिय कई दावेदारों के बीच टकराव और बढ़ने की संभावना है।

यूं तो यमुनोत्री विधानसभा का राजनीतिक इतिहास भी भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। राज्य गठन के बाद से पिछले लगभग 25 वर्षों में पार्टी को यहां 2017 में पहली बार भाजपा के केदार सिंह रावत पार्टी को जीत दिलाई थी जबकि चार बार पार्टी की अंदरूनी कलह और भीतरघात का सामना करना पड़ा है। 2022 में भाजपा को तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है ये सब भाजपा के अंदरूनी लड़ाई से हुआ।

यही कारण रहा कि भाजपा इस क्षेत्र में नगर निकाय चुनावों में भी कभी सफलता हासिल नहीं कर पाई। नौगांव ब्लॉक में भी लगातार दो बार क्षेत्र पंचायत प्रमुख चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, जबकि बीते वर्ष चिन्यालीसौड़ और बड़कोट नगर पालिकाओं में निर्दलीय प्रत्याशियों का दबदबा बना रहा। आगामी 2027 की विधानसभा चुनाव को देखते हुए दावेदारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, जो इस सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं, इन दिनों गांव-गांव जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण भी बीते वर्ष भाजपा में शामिल होने के बाद से लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और ग्रामीणों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं।

इसके अलावा, भागीरथी नदी घाटी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राम सुन्दर नौटियाल भी टिकट की दौड़ में खुद को मजबूत दावेदार मानते हैं। उनका कहना है कि वे लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं और पार्टी उन्हें अवसर जरूर देगी।

इधर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भी चुनावी वर्ष को देखते हुए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। वे लगातार पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकें और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

कुलमिलाकर मौजूदा हालात को देखते हुए यमुनोत्री विधानसभा में भाजपा के भीतर बहुस्तरीय प्रतिस्पर्धा साफ नजर आ रही है। यहां पार्टी कार्यकर्ता कम और विधायक के दावेदार अधिक हो रहें हैं। जिले के यमुनोत्री और गंगोत्री विधानसभा में भाजपा के सामने स्थित यह है कि एक अनार सौ बिमार वाली कहावत साबित हो रही है। बहरहाल यदि भाजपा दुसरे दलों व निर्दलीय नेताओं की भर्ती प्रक्रिया यूं ही जारी रहा तो और यमुनोत्री में दलबदल की अटकलें हकीकत में बदलती हैं, तो आने वाले दिनों में पार्टी के भीतर टकराव और बढ़ सकता है। ऐसे में 2027 का चुनाव यमुनोत्री में बेहद रोचक और कांटे का मुकाबला बनने की संभावना जताई जा रही है।

## नगर निगम में नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**काशीपुर।** डॉ. रघुनांदन सिंह टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा शहरी विकास निदेशालय के नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम काशीपुर में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जहाँ प्रशिक्षुओं ने निगम की कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे, स्वच्छता प्रबंधन और अपशिष्ट निस्तारण की नवीनतम तकनीकों का बारीकी से अवलोकन किया। प्रशिक्षुओं ने 10 एमएलडी प्लांट का दौरा कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और को-ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नालियों की सफाई की व्यवस्था और जन-स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर सीधे फील्ड अधिकारियों से संवाद किया। सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट ने निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे छह प्रकार के डस्टबिन के माध्यम से कूड़े के पृथक्कीकरण की जानकारी साझा की।

# कांग्रेसियों ने किदवई के आकस्मिक निधन पर जताया गहरा शोक

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोहसिना किदवई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि मोहसिना किदवई का आकस्मिक निधन कांग्रेस पार्टी व देश की अपूर्णीय क्षति है। उनका पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी एवं समाज सेवा को समर्पित रहा है। वहीं, उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कांग्रेस की शीर्ष नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहिसीना किदवई के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है।



■ कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला, विधायक लखपत सिंह बुटोला, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र भंडारी, महिला उपाध्यक्ष नजमा खान, पूनम सिंह, पायल बहल, अनीता सकलानी, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, प्रदीप थपलियाल, मुकेश नेगी, अनुराधा तिवारी, सुशीला शर्मा, रेखा ढींगरा, सावित्री थापा, अनूप कपूर व विरेन्द्र पंवार आदि उपस्थित थे।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 150 से अधिक लोगों की हुई जांच

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जमीअत उलेमा-ए-हिन्द की ओर से बुधवार को अमृतसर आई क्लिनिक के सहयोग से मदरसा दार-ए-अरकम, आजाद कॉलोनी में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

शिविर का उद्घाटन अमृतसर आई क्लिनिक के डॉ. एन एस जंगपांगी, पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रयाग आईएएस अकादमी के निदेशक आर. ए. खान, जमीअत के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी और प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाह नजर ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर डॉ. जंगपांगी ने कहा कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिस पर समय रहते ध्यान देना जरूरी है।



■ बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही: डॉ. जंगपांगी

शिविर में आजाद कॉलोनी, पंजाबी कॉलोनी और गुप्ता कॉलोनी के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और परामर्श लिया। इस अवसर पर अमृतसर आई क्लिनिक की ओर से डॉ. एन एस जंगपांगी, लवकुश पाण्डे, सोहानी, अनुशका पंवार, अनम सेफी, दानिश अली, जमीअत के नगर अध्यक्ष मुफ्ती अयाज अहमद, जिला कोषाध्यक्ष मास्टर अब्दुल सत्तार, नगर उपाध्यक्ष मौलाना रागिब मजाहिरी, जिला सचिव कारी नईम, कार्यालय सचिव मौलाना अब्दुल वाजिद, मौलाना महताब, मौलाना सौबान, कारी फरहान मलिक, कारी शाहवेज, हाफिज अबुजर, जिला कार्यकारिणी तौसीफ खान, मौलाना मोहम्मद अहमद व कारी मोहम्मद मरगूब आदि मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, 92.27 फीसदी छात्र सफल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मदरसा बोर्ड की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष कुल 408 परीक्षार्थियों में से 262 ने परीक्षा दी, जिनमें से 244 छात्र-छात्राएं सफल रहे। कुल परिणाम 92.27 प्रतिशत रहा। मुंशी परीक्षा में कुल 83 में से 42 छात्र अनुपस्थित रहे, जबकि 41 ने परीक्षा दी। इनमें 37 छात्र सफल रहे और परिणाम 88 प्रतिशत रहा। इस वर्ग में सानिया परवीन (जसपुर, उधमसिंह नगर) ने 66 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया। फौजिया (मंगलौर मदरसा) ने 64 फीसदी और मोहम्मद रिजवान (जसपुर मदरसा) ने 60.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## मौलवी वर्ग में 91.79 प्रतिशत सफलता

मौलवी परीक्षा में 226 में से 134 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 92 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 123 छात्र सफल रहे और परिणाम 91.79 प्रतिशत रहा। इस वर्ग में शरीफा (केलाखेड़ा, उधमसिंह नगर) ने 78 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। नाजिया (मंगलौर) 77.5 प्रतिशत और रिदा जहरा (मंगलौर) 75.6 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

## आलिम अरबी में 97.14 प्रतिशत रहा रिजल्ट

आलिम अरबी परीक्षा में 83 में से 70 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 68 सफल रहे। कुल परिणाम 97.14 प्रतिशत रहा। मुस्कान (केलाखेड़ा) ने 78 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया। काशीफा ने 75.8 प्रतिशत तथा साइबा और अरीशा (केलाखेड़ा) ने संयुक्त रूप से 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, आलिम फारसी परीक्षा में 16 में से 15 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 14 सफल रहे। परिणाम 93 प्रतिशत रहा। इस वर्ग में मुस्कान (केलाखेड़ा) ने 79 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अलीशा (केलाखेड़ा) 71: और साइबा अली 70.2: के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

# चारधाम यात्रा के आपदा सुरक्षित संचालन के लिए उत्तराखण्ड को हर सहयोग देगा एन डीएमए: कृष्णा

■ कहा-उत्तराखण्ड ही नहीं देश के लिए महत्वपूर्ण आयोजन राज्य सरकार के प्रयासों को सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आकस्मिकताओं एवं आपदा की स्थिति में प्रभावी रूप से निपटने हेतु एक विस्तृत टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनडीएमए के सदस्य एवं विभागाध्यक्ष श्री कृष्णा एस वत्स ने टेबल टॉप एक्सरसाइज की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल उत्तराखण्ड राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। गृह मंत्रालय एवं भारत सरकार का विशेष फोकस इस यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराना है, जिसके लिए एनडीएमए द्वारा राज्य को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने चारधाम यात्रा के सफल संचालन हेतु राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा मार्गों पर जोखिम आकलन को और अधिक बहुआयामी बनाया जाना चाहिए। इसके अंतर्गत रूट स्पेसिफिक रिस्क मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा संभावित खतरों के दृष्टिगत एंटीसिपेटरी एक्शन (पूर्वानुमान आधारित कार्यवाही) को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी धामों की कैरिंग कैपेसिटी का समुचित ध्यान रखा जाए तथा माइक्रो लेवल पर विस्तृत रिस्क असेसमेंट किया जाए। संवेदनशील एवं जोखिमयुक्त स्थानों (हॉटस्पॉट्स) की पहचान कर वहां के लिए विशेष एवं ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही यात्रियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी एलर्ट पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे स्वयं भी आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठा सकें।

श्री वत्स ने इम्पैक्ट बेस्ड फोरकास्टिंग को अपनाने पर विशेष बल दिया तथा कहा कि इससे संभावित आपदाओं के प्रभाव का बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। उन्होंने क्राउड एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर बल देते हुए उन्होंने मोबाइल हेल्थ यूनिट्स की संख्या बढ़ाने को कहा।

